इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 734

16 अगस्त, 2012 को उत्तर के लिए

देश में अल्ट्रा मेगा इस्पात संयंत्रों का अधिष्ठापन

734. श्री बलविंदर सिंह भुंडर:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में अल्ट्रा मेगा इस्पात संयंत्र के अधिष्ठापन के लिए विभिन्न राज्यों ने उदासीन प्रतिक्रिया दर्शाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में राज्यों की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) राज्य में अल्ट्रा मेगा इस्पात संयंत्रों को लोकप्रिय बनाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (ग): अल्ट्रा मेगा इस्पात परियोजनाओं (यू.एम.एस.पीएस.) के संबंध में एक संकल्पना दस्तावेज तैयार किया गया था और राज्य सरकारों को उनके विचारों/टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया था। केरल, पश्चिम बंगाल, गुजरात, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि की सरकारों ने इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया है। अतः यू.एम.एस.पी. की संकल्पना का क्रियान्वयन व्यवहार्य नहीं पाया गया है।

****